# ग्राम पंचायत बगड़ोली, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176022 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

भाग–एक

## 1. (क)प्रस्तावना

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत बगड़ोली, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुशील कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राम कुमार | 01.04.2022 से 14.09.2022 |
| 2 | श्रीमति रीना देवी | 15.09.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री महिन्द्र सिंह | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजन शशि | 01.04.2022 से 04.08.2023 |
| 2 | श्री हरदीप सिंह | 05.08.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत बगड़ोली के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र॰ स॰ | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.04 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 10.41 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.46 |
| 4 | 6.3 | विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.09 |
| 5 | 7.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 3.56 |
| 6 | 7.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 1.29 |
| 7 | 7.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 0.30 |
| 8 | 8.1 | पेवर ब्लॉक्स के क्रय में अनियमितता | 3.33 |
| 9 | 8.2 | माप पुस्तिका में गलत गणना करने से वास्तविक मूल्यांकन से अधिक भुगतान करना | 0.07 |
| 10 | 8.3 | व्यक्तिगत लाभार्थी की जमीन में कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 1.02 |
| 11 | 9 | निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 1.02 |

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

ग्राम पंचायत बगड़ोली के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 25.06.2024 से

01.07.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानों की हस्तगत रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 03/2023 | 06/2022 |
| 2023–24 | 11/2023 | 07/2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer):– वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4800/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/280 दिनांक 01.07.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/269 दिनांकः 25.06.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत

के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया है:–

**1.स्वः–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5)(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 140582.00 | 358239.00 | 498821.00 | 380856.00 | 117965.00 |
| 2023-24 | 117965.00 | 462416.00 | 580381.00 | 551968.00 | 28413.00 |

**2.अनुदानः–**

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5)(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1840714.00 | 2813554.00 | 4654268.00 | 3569801.00 | 1084467.00 |
| 2023-24 | 1084467.00 | 1901663.00 | 2986130.00 | 1944694.00 | 1041436.00 |

**कुल योग (1+2) 28413.00 +1041436 = 1069849**

## (ख). बैंक समाधान विवरणीः–

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति के अन्तशेष ₹10,69,849/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" के अनुसार अन्तशेष ₹10,66,081/–से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र॰ स॰** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/ तीसरा वित | का॰के॰सह॰बैंक फतेहपुर | 20028012700 | 24044 |
| 2 | टी.एस.सी | का॰के॰सह॰बैंक रैहन | 50051847466 | 140643 |
| 3 | वी.के.वी..एन.वाई | का॰के॰सह॰बैंक रैहन | 50051847308 | 6242 |
| 4 | पी.एस | का॰के॰सह॰बैंक रैहन | 50051847444 | 6724 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | जेड.पी | का•के•सह•बैंक रैहन | 50051847477 | 15173 |
| 6 | एम.पी.लेड | का•के•सह•बैंक रैहन | 50051847411 | 26692 |
| 7 | 15वॉं वित्तायोग / पी. एस / जेड.पी | का•के•सह•बैंक रैहन | 50071868711 | 845962 |
| | हस्तगत शेष | | | 601 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योगः– | | | | ₹1066081 |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹1069849 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः– | | | | ₹1066081 |
| अन्तरः– | | | | ₹3768 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

ANNUAL REPORT

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण ₹0.04 लाख का अन्तरः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत बगड़ोली द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹3768/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 270 दिनांकः–26.06.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–06 / 2024 दिनांकः 01.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः—**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के वाउचरों का अवलोकन करने पर इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यों हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यों को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं।

| अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1.15वां वित | 14/14.06.2022 | मस्टोल स. 224822 | निर्माण रास्ता व नालियां कृष्ण कुमार के घर से स्वरूप के घर तक वार्ड 6 | 28350 |
| 2.15वां वित | 20/17.06.2022 | 196/03.06.2022 | निर्माण रास्ता लिंक रोड से महिन्द्र के घर तक गांव सोनार्थ वार्ड 1 | 36000 |
| 3.15वां वित | 22/17.06.2022 | 13/05.06.2022 | निर्माण रास्ता व नालियां गांव गुब्बर वार्ड 3 | 29150 |
| 4.मनरेगा | 07/01.06.2022 | 85796/22.06.2022 | निर्माण जीप योग्य रास्ता जगदीश बगैराह के घर से शमशानघाट वार्ड 3 | 50671 |
| 5.15वां वित | 04/04.07.2023 | 296/06.03.2023 | निर्माण नाली मुरम्मत रास्ते गांव मौखर वार्ड 2 | 43650 |

यह एक गम्भीर अनियमितता है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/279

दिनांकः 01.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांकः 01.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(ङ.) खाता–क व खाता–ख का रख–रखाव अलग–अलग न रखनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियां और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत बगड़ोली द्वारा स्वयं स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग–अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानों जैसे कि तीसरा वित इत्यादि की सयुंक्त हस्तगत रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः स्त्रोत, तीसरा वित आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20028012700 खोला गया था तथा इस खाते में ही प्राप्त अनुदानों को जमा किया गया था व इससे ही व्यय किया गया था। जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय

स्थिति नहीं दर्शाता है, जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/279 दिनांकः–01.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 06/2024 दिनांक 01.07.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

ANNUAL REPORT

## 5.1 अनुदान राशि ₹10.41 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/269 दिनांकः–25.06.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹10,41,436/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | टी.एस.सी/एस.बी.एम | 31.03.2024 | 140643 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 6242 |
| 3 | पी.एस | 31.03.2024 | 6724 |
| 4 | जेड.पी | 31.03.2024 | 15173 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 26692 |
| 6 | 15वॉं वित्तायोग | 31.03.2024 | 845962 |
| | | **कुल जोड़** | **₹1041436** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/271 दिनांक 26.06.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांक–01.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरान्त अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

ANNUAL REPORT

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.46 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/269 दिनांकः–25.06.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर शीर्ष में **₹46350**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी एवं ग्राम पंचायत द्वारा अवधि 2023–24 के दौरान कोई वसूली नहीं की गई थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का पंचायत द्वारा बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष होना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/272 दिनांकः–27.06.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांक 01.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली को करने उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य

में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹1200/- की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

ANNUAL REPORT

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य) व आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल. के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद 90 दिनों के भीतर ₹400 (सामान्य) से व ₹50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार 06 विवाह पंजीकृत किये गये, जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से कम राशि की वसूली गई थी जबकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹1200 वसूल किये जाने अपेक्षित थे:–

| क्र0सं0 | नाम | विवाह दिनांक | पंजीकरण दिनांक | रसीद संख्या | वसूली योग्य राशि (₹) | वसूली गई राशि (₹) | कम वसूली गई राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नीरज कुमार | 26.04.22 | 31.05.22 | 423568 | 400 | 200 | 200 |
| 2 | प्रदीप सिंह | 11.11.22 | 16.12.22 | 423588 | 400 | 200 | 200 |
| 3 | गुरप्रीत सिंह | 24.09.23 | 04.11.23 | 0503497 | 400 | 200 | 200 |
| 4 | नीरज सिहाल | 22.09.23 | 04.11.23 | 0503498 | 400 | 200 | 200 |
| 5 | नीरज कुमार | 08.12.23 | 23.12.23 | शून्य | 200 | 00 | 200 |
| 6 | राकेश कुमार | 05.01.24 | 16.03.24 | 0503516 | 400 | 200 | 200 |
| | | | | **योग** | **2200** | **1000** | **1200** |

उक्त कम वसूली का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 272 दिनांकः 27.06.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत बगड़ोली के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के अपने कार्यालय पत्र

संख्याः–06 / 2024 दिनांकः 01.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली करके जमा करवा दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त देय राशि की वसूली अविलम्ब करते हुये सरकारी कोष में जमा करना सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

### 6.3 विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि ₹0.09 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

ANNUAL REPORT

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या ''0235–00–800–03'' में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न तालिका व संलग्न **परिशिष्ट ''5''** के अनुसार ग्राम पंचायत बगड़ोली द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| **क्र0सं0** | **वित्तीय स्थिति** | **विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि (₹)** |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 3200 |
| 2 | 2023–24 | 5600 |
| | जोड़ | 8800 |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 272 दिनांकः–27.06.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत बगड़ोली के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06 / 2024 दिनांकः– 01.07.2024

द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹3.55 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः—

ANNUAL REPORT

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत बगड़ोली के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"6"** में दिए गए विवरणानुसार ₹355988/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/274 दिनांकः–28.06.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांकः–01.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही सामान का क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**7.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹1.29 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः–**

ANNUAL REPORT

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत बगड़ोली के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–''6''** पर संकलित राशि ₹129698/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टॉक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका एवं सामग्री के दुरूपयोग की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/275 दिनांकः–28.06.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांकः–01.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री को स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत क्रय किये गये प्रत्येक सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

ANNUAL REPORT

## 7.3 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹0.30 लाख की सम्भावित राजस्व हानिः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–''7''** पर संलग्न चुनिंदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹30341/– का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/276 दिनांकः–29.06.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांक 01.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि निर्माण कार्यों हेतू गत समय में क्रय की गई सामग्री रेत, बजरी, बोल्डर से संबंधित एम फॉर्म को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा उक्त सामग्री से रॉयल्टी की राशि की कटौती भी नहीं की गई है। अंकेक्षणापतिनुसार उक्त रॉयल्टी की राशि की वसूली संबंधित संविदाकार/व्यक्ति से कर ली जायेगी। उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है। क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अथवा किसी संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित

विभागीय अधिकारी से सम्पर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853-Non Ferrous Mining and Metallurgical Industries,102-Mineral Concession Fees and Royalties,81-Other receipts" आदि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री हेतु रॉयल्टी की राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार उसकी भी वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतू ₹3.33 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः—

ANNUAL REPORT

सचिव (RD & PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के अंतर्गत निम्न विवरणानुसार पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से एक निविदा आमंत्रित करके किया गया था तथा नहीं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction.बारे दिशा–निर्देशों की अनुपालना के संदर्भ में निर्माण कार्यों हेतु कोई कार्यवाही अमल में लाई गई थी। जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं/ दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15TH FC | 19/17.06.2022 | 06/2022 | 60mm(Paver Block) from | 1455 | 26190 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.Nill dt.-03.06.2022 | | |
| 2 | $15^{TH}$ FC | 20/17.06.2022 | 06/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.196 dt.-03.06.2022 | 2000 | 36000 |
| 3 | $15^{TH}$ FC | 21/17.06.2022 | 06/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.195 dt.-03.06.2022 | 2500 | 45000 |
| 4 | $15^{TH}$ FC | 04/04.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.296 dt.-06.03.2022 | 2425 | 43650 |
| 5 | $15^{TH}$ FC | 07/06.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.319 dt.-01.07.2023 | 2500 | 45000 |
| 6 | $15^{TH}$ FC | 08/06.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.320 dt.-01.07.2023 | 2500 | 45000 |
| 7 | $15^{TH}$ FC | 09/06.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.321 dt.-01.07.2023 | 2500 | 45000 |
| 8 | $15^{TH}$ FC | 10/06.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Krishna Interlocking Tiles Jhawan Bill No.332 dt.-01.07.2023 | 2600 | 46800 |
| | | | | | योग | **332640** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/278 दिनांकः–01.07.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा कार्यालय के पत्र संख्याः– 06/2024 दिनांकः– 01.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त अनियमित व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है।

अतः उक्त व्यय को पत्र में उल्लेखित सक्षम प्राधिकारी से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें।

**8.2 निमार्ण कार्य गलियां वार्ड 4 गांव होशियाणा में माप पुस्तिका में गलत गणना करने से वास्तविक मूल्याकंन से अधिक ₹0.07 लाख का अधिक भुगतान करने बारे।**

ANNUAL REPORT

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर की वास्तविक राशि से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा।

अकेक्षण के दौरान, चयनित माह 06/2022 के व्यय वाउचर के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मस्ट्रोल संख्या–16180 दिनांकः–14.06.2022 द्वारा ₹35386 का भुगतान किया गया था, परन्तु माप–पुस्तिका संख्या 14065 के पृष्ठ संख्या 56 व 57 में सभी मदों की राशि के गलत जोड करने से वास्तविक मूल्यांकन से निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹7338/– का अधिक भुगतान किया गया थाः–

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/दिनांक | मास | वास्तविक मूल्यांकित राशि | दर्शायी गयी मूल्यांकित राशि | भुगतान की गई राशि | अधिक भुगतान की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित | 15/14.06.22 | 06/2022 | 28048 | 36456 | 35386 | 7338 |

उक्त किये गए अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/279 दिनांकः–01/07/2024 के अंतर्गत पंचायत सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–06/2024 दिनांकः–01.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अधिक भुगतान की गई राशि संबंधित फर्म/संविदाकार से वसूली कर ली जायेगी तथा संबंधित खाते में जमा करवा दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत प्रश्नात्मक राशि की वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

